ऊर्जा मंत्रालय के पेट्रोलियम विभाग में राज्य मंत्री (श्री गार्गी शंकर मित्र) : (क) जी, हां। 31.12.82 को तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग द्वारा गुजरात राज्य के धनेज गांव के एक भूमि मालिक से सूचना प्राप्त की गई जिसमें यह बताया गया कि उसकी भूमि में से आने वाली पाइपलाइन से तेल टपक रहा है। तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग की अहमदाबाद परियोजना के अधिकारी उस स्थान पर गये और पुलिस द्वारा निरीक्षण किये जाने के पश्चात् पाइपलाइन, जिसमें छेद पाया गया था, की मरम्मत की गई और 1.1.83 को इसके द्वारा काम आरंभ किया गया। स्थल से कई औजार मिले। तद्नुसार 1.1.83 को कालोल पुलिस स्टेशन के पास प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी।

(ख) गुगरात में गोटा गांव के समीप ट्रंक पाइपलाइन में छिद्र का एक और ऐसा मामला 6.10.82 को रिपोर्ट किया गया था।

(ग) अभी तक कोई गिरफ्तारियों नहीं की गई हैं, और इन मामलों में तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग के किसी कर्मचारी का हाथ होना नहीं माना गया है।

Upward Revision in Price of Coal

8605. SHRI JAGDISH TYTLER: will the Minister of ENERGY be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the Bureau of Industrial Costs and Prices have submitted a report by which the upward revision of the price of coal has been stopped;

(b) whether since the last price revision of coal in may, 1982 the coal industry has been pressing for a further upward revision of the price of coal and whether Government have considered the report submitted by the Bureau; and

(c) if so, Government's decision in this regard?

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF COAL IN THE MINISTRY OF ENERGY (SHRI DALBIR SINGH) (a) to (c) The Bureau of Industrial Costs and Prices have been requested to study the cost of production of coal industry with a view to recommending appropriate prices for coal. The Bureau of Industrial Costs and Prices have not yet submitted their report to the Government.

पहाड़ी क्षेत्रों में टेलीफोन सुविधाएं

8606. **श्री कृष्ण दत्त सुल्तानपुरी :** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :-

(क) पहाड़ी क्षेत्रों में टेलीफोन सुविधाओं को कारगर बनाने के लिए सरकार का विचार क्या कदम उठाने का है ;

(ख) क्या लोगों को सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए मैदानी क्षेत्रों के अनुपात में पहाड़ी क्षेत्रों में भी तकनीकी कर्मचारी नियुक्त किए जाते हैं, और

(ग) बर्फ से ढके क्षेत्रों में नियुक्त किए गये कर्मचारियों के लिए क्या सुविधाएं उपलब्ध की गई हैं ?

संचार मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री विजय एन० पाटिल) : (क) सरकार पहाड़ी इलाकों में दूरसंचार सेवाओं के विस्तार के लिए पहले से ही उदार नीति अपना रही है तथा इस प्रकार के इलाकों में आर्थिक सहायता प्रदान कर लंबी दूरी के सार्वजनिक टेलीफोन घर/संयुक्त डाकतारघर खोले जा रहे हैं।

(ख) जी हां। तथापि, पहाड़ी इलाकों में स्टाफ की मंजूरी को उचित महत्त्व दिया जाता है।

(ग) बर्फ से अच्छादित क्षेत्रों में तैनात स्टाफ को विशेष भत्ते दिए जाते हैं।